TR NEWS UP-UK
आपकी आवाज़, आपकी खबर



7/11/2026 TR NEWS UP:UK आपकी आवाज़, आपकी खबर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड

दीपावली पर राज्य कर्मचारियों को योगी सरकार का तोहफा, सीएम ने दी 30 दिन के बोनस की स्वीकृति





लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 30 दिन का तदर्थ बोनस देने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस फैसले का लाभ पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और सरकारी विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को भी मिलेगा।

शासनादेश के अनुसार, बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन 7,000 रुपये तय किया गया है। इसके आधार पर पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 6,908 रुपये बोनस मिलेगा। इसका लाभ उन्हीं कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 31 मार्च 2026 तक एक साल की लगातार सेवा पूरी कर ली है। वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 तक के अराजपत्रित कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस

योगी सरकार ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी बोनस देने का फैसला किया है। इसके लिए छह दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में कर्मचारी का लगातार तीन साल तक काम करना और हर साल कम से कम 240 दिन कार्य करना जरूरी है। पांच दिन के कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों में हर साल कम से कम 206 दिन काम करने की शर्त है। ऐसे कर्मचारियों को अधिकतम 1,184 रुपये बोनस मिलेगा।

बोनस की कुल राशि का 75 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खाते में जमा किया जाएगा, जबकि 25 प्रतिशत राशि नकद दी जाएगी। जिन कर्मचारियों का पीएफ खाता नहीं है, उन्हें नियमानुसार एनएससी या पीपीएफ के माध्यम से यह राशि दी जाएगी। वहीं, 31 मार्च 2026 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके या 30 अप्रैल 2027 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को बोनस की पूरी राशि नकद दी जाएगी।



TR NEWS UP-UK
आपकी आवाज़, आपकी खबर



हंगामे के बीच नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने धनतेरस पर दी 100 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

वहलना चौक को महाराणा प्रताप चौक बनाने का प्रस्ताव पारित

मुजफ्फरनगर। धनतेरस के अवसर पर नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शहरवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है। नगरपालिका परिषद की शुक्रवार को टाउनहाल स्थित पालिका मुख्यालय के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में शहर के विकास और अन्य मद से जुड़े 112 प्रस्तावों को सदन ने सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की। इन प्रस्तावों के तहत शहर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्माण, सौंदर्यीकरण, पेयजल, पथ प्रकाश और सफाई व्यवस्था से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही महापुरुषों के नाम पर दो चौराहों का नामकरण किया गया। बैठक में विकास कार्यों को लेकर पूरा सदन एकजुट दिखाई दिया और सभी प्रस्तावों पर सदस्यों ने सहमति जताई।

बोर्ड बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने की। अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम के बाद सदन के समक्ष 112 प्रस्तावों वाला एजेंडा प्रस्तुत किया। बोर्ड बैठक की शुरूआत में ही वार्ड संख्या 33 की सभासद सीमा जैन पत्नी विकल्प जैन ने जैन समाज के धार्मिक प्रतीक के रूप में पहचान रखने वाले शहर के वहलना चौक का नया नामकरण करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को पत्र दिया और कहा कि महाराणा प्रताप प्रतापी महापुरुष हुए मैं और समाज उनका सम्मान करते हैं, उनके नाम से शहर में दूसरा स्थान चिन्हित कर भव्य स्मारक बनाया जाये, उन्होंने जैन समाज की भावना को रखते हुए वहलना चौक के नामकरण प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया।

बोर्ड बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ ही नए विकास कार्यों और कर्मचारियों से संबंधित प्रस्ताव शामिल रहे। एजेंडे पर सदस्यों के बीच विस्तार से चर्चा हुई, जिसके बाद सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। साथ ही पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि भी की गई। पालिका की कार्ययोजना में सबसे बड़ा हिस्सा निर्माण एवं विकास कार्यों का है। करीब 64 करोड़ रुपये की लागत से शहर में 329 निर्माण, विकास और सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य कराए जाएंगे। इनमें विभिन्न वार्डों की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों के विकास के साथ लंबे समय से उपेक्षित फक्करशाह चौक का कायाकल्प भी इसी योजना के अंतर्गत कराया जाएगा।

शहर को रोशनी से जगमग करने और रात्रिकालीन आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की धनराशि से आधुनिक प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके तहत फैंसी लाइट, हाईमास्ट लाइट और 45 से 75 वाट तक की एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदी जाएंगी। शहरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करीब 10 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। विस्तारित सीमा में शामिल नए क्षेत्रों तक पेयजल आपूर्ति पहुंचाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जाएंगी। इसके अलावा ट्यूबवेलों की क्षमता बढ़ाने और पुरानी पेयजल लाइनों के उच्चीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पालिका में आउटसोर्सिंग के माध्यम से 50 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। दिवाली के अवसर पर पालिका के सफाई कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों को ठंडे मौसम के अनुरूप वर्दी उपलब्ध कराने के लिए भुगतान तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। बोर्ड बैठक में शहर की पहचान और महापुरुषों के सम्मान से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। इसके तहत शहर में एक चौराहे का नामकरण महाराणा प्रताप के नाम पर और दूसरे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए 112 प्रस्तावों का एजेंडा तैयार किया गया था। सदन में प्रत्येक प्रस्ताव पर चर्चा के बाद संपूर्ण एजेंडे को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें महाराणा प्रताप चौराहे का प्रस्ताव सभासद के ऐतराज के बाद विचारार्थ रखा गया है। पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि भी की गई।

पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि दीपावली के पर्व पर शहर के विकास के लिए प्रस्तुत कार्ययोजना को पूरे सदन का समर्थन मिलना प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों की व्यापक योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए शहर के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के नाम पर चौराहों का नामकरण कर उनके योगदान और आदर्शों को सम्मान देने का प्रयास किया गया है। कहा कि महापुरुषों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण करने का उद्देश्य उनके आदर्शों, संघर्ष, बलिदान और समाज के प्रति योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। विकास कार्यों के इन प्रस्तावों को स्वीकृति देने के लिए उन्होंने सभी सभासदों और सदन के सदस्यों का आभार जताया।

महर्षि वाल्मीकि चौक का प्रस्ताव पारित होने पर चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का अभिनंदन

ढोल-नगाड़ों के साथ टाउनहाल पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोगों ने की पुष्पवर्षा, पालिका बोर्ड और अध्यक्ष का जताया आभार

मुजफ्फरनगर। शहर में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर चौराहे का नामकरण करने संबंधी प्रस्ताव नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक में पारित होने पर वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर है। शुक्रवार को बोर्ड बैठक के समापन के बाद भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के बैनर तले समाज के लोगों ने पालिका मुख्यालय टाउनहाल पहुंचकर नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का अभिनंदन किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया और महर्षि वाल्मीकि चौक के प्रस्ताव को सदन से मंजूरी दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया।

नगरपालिका बोर्ड बैठक में शहर में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर चौराहे का नामकरण करने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया है। इस निर्णय को समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के सम्मान और उनके योगदान को सार्वजनिक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि महापुरुषों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण होने से उनके विचारों, आदर्शों और सामाजिक योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।



TR NEWS UP-UK
आपकी आवाज़, आपकी खबर
7/11/2026 विशेषांक
उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड

श्री रामकुमार ज्वेलर्स पर धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी






धनतेरस पर श्री रामकुमार ज्वेलर्स पर खरीदारी करने पहुँचे ग्राहक

संवाददाता | मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर। धनतेरस के अवसर पर श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी, मुजफ्फरनगर पर ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की और उपहार पाकर खुश नजर आए। श्री रामकुमार ज्वैलर्स के डायरेक्टर पराग गोयल ने अपने समस्त ग्राहकों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों को धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

धनतेरस के अवसर पर सोने-चाँदी के आभूषणों की खरीदारी केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही आस्था, विश्वास और पारिवारिक विरासत का हिस्सा है। भारतीय परिवारों में आभूषण केवल सौंदर्य और समृद्धि के प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन के अनमोल पलों और भावनाओं से जुड़े होते हैं। इस अवसर पर श्री रामकुमार ज्वैलर्स के डायरेक्टर पराग गोयल ने कहा कि धनतेरस हमारे लिए केवल व्यापार का अवसर नहीं, बल्कि अपने ग्राहकों के साथ वर्षों से जुड़े विश्वास और आत्मीय संबंधों का उत्सव है। भारतीय परिवारों में आभूषण पीढ़ी दर पीढ़ी सहेजी जाने
वाली अनमोल धरोहर होते हैं। हमारा सदैव यही प्रयास रहता है कि ग्राहकों को शुद्धता, उत्कृष्ट कारीगरी और आधुनिक डिजाइनों के साथ हमारी समृद्ध परंपराओं की सुंदर झलक मिले। ग्राहकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूँजी और हमारी निरंतर प्रेरणा है।

धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर श्री रामकुमार ज्वैलर्स में पारंपरिक स्वर्ण आभूषणों, आकर्षक डायमंड ज्वैलरी, टेंपल ज्वैलरी तथा आधुनिक डिजाइनों का सुंदर संगम ग्राहकों के लिए प्रस्तुत किया गया जिसे खूब पसंद किया गया। बदलते समय और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप तमाम वैरायटी ग्राहकों को लुभाती रही।



TR NEWS UP-UK

आपकी आवाज़, आपकी खबर

NANO Basmati Rice

शुद्धदता, स्वाद और विश्वास का प्रतीक...

ROYAL 1121 Basmati Rice

PREMIUM Basmati Rice

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रकाश, समृद्धि, सुख, स्वास्थ्य और
सफलता का यह पावन पर्व आपके जीवन में
नई उर्जा और खुशियों की सौगात लेकर आए!

मैसर्स चतरसेन अनिल कुमार

36 सी नवीन मंडी स्थल, मुजफ्फरनगर

CONTACT - 7520716220

TR NEWS UP-UK

आपकी आवाज़, आपकी खबर

7 नवंबर 2026, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का दिवाली विशेष संस्करण









ख़बर विज्ञापन के लिए संपर्क करें - 9259561003

TR NEWS UP-UK

आपकी आवाज़, आपकी खबर

7 नवंबर 2026, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड संस्करण दिवाली विशेष

Madan Magic
Sweets Corner

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!

मिठास और खुशियों से भरा त्योहार

13-D, Bindd Road, New Mandi, Muzaffarnagar (U.P.)
0131 - 2604794, 8899991260

Kambal Wala Bagh, Jansath Road, Muzaffarnagar (U.P.)
+ 91 8899998050

sweetscorner2000@gmail.com | sweetscorner.co | Sweets corner | sweetscorner_mzn

Sweets • Namkeen • Snacks • Bakery • Restaurant

समस्त देशवासियों को दिवाली की ढेरों शुभकामनाएं

Madan Premium
Kaju Katli
Festivals Taste Better with Kaju Katli.
धनतेरस
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाईदूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
किशोर मदन प्रीमियम
Contact : 783-012-9066
Bindi Bagh Main Road, Near Sweets Enclave, Muzaffarnagar

Hero
DESH KI RIDE
HERO KE SAATH
धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
NISHANT HERO
Bike Goth
हर मोटरसाइकिल की खरीद पर पाएं
15 निःशुल्क उपहार
निशांत मोटर्स
8126377777

TR NEWS UP-UK

आपकी आवाज़, आपकी खबर

7 नवंम्बर 2026, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का दिवाली विशेष संस्करण



ख़बर विज्ञापन के लिए संपर्क करें - 9259561003

TR NEWS UP-UK

आपकी आवाज़, आपकी खबर

आप सभी को

धनतेरस, दीपावली एवं भैया दूज

की

हार्दिक शुभकामनाएँ

यह पावन पर्व आपके जीवन में
स्वास्थ्य, समृद्धि, सुख-शांति
और अपार खुशियाँ लेकर आए।



निवेदन - नंदन भारद्वाज, एडवोकेट